# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये कल आठ उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन। चार अप्रैल है नामांकन दाखिल करने की अन्तिम तिथि।
- लोकसभा चुनाव में प्रत्येक उम्मीदवार को परिणाम घोषित होने के तीस दिनों के भीतर देना होगा निर्वाचन व्ययों का लेखा–जोखा।
- सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा अर्चना पर रोक लगाने से किया इनकार।
- वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं ने बनाया नया रिकॉर्ड। इकतीस मार्च को पहुंचे छः लाख छत्तीस हजार नौ सौ पचहत्तर श्रद्धालु।

**********

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये कल आठ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अमरोहा, बागपत और गौतमबुद्धनगर में एक–एक प्रत्याशी, अलीगढ़ में दो और गाजियाबाद में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही दूसरे चरण के लिये अब तक कुल बारह नामांकन दाखिल किये जा चुके हैं।

अमरोहा में भाजपा से कंवर सिंह तंवर, बागपत में राष्ट्रीय लोकदल से राजकुमार संगवान, गौतमबुद्धनगर में समाजवादी पार्टी से महेन्द्र ने कल अपना नामांकन दाखिल किया। अलीगढ़ में भाजपा से सतीश कुमार गौतम और निर्दलीय प्रत्याशी सतीश कुमार ने कल नामांकन किया। इसके अलावा गाजियाबाद में इंडियन नेशनल कांग्रेस से डॉली शर्मा, सुभाषवादी भारतीय समाज पार्टी से धीरेन्द्र सिंह भदौरिया और राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी से मोनिका गौतम ने नामांकन किया। दूसरे चरण की आठ सीटों पर चार अप्रैल तक नामांकन दाखिल हो सकेंगे। पांच अप्रैल को इन नामांकन पत्रों की जांच होगी। आठ अप्रैल नामांकन वापसी की आखिरी तारीख होगी। इन सीटों पर छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर आगामी उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। इनमें मुजफ्फरनगर की सीट भी शामिल है, जहां से भाजपा ने लगातार दो बार सांसद रहे केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान को तीसरी बार मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी से पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक और बहुजन समाज पार्टी के दारा सिंह प्रजापति मैदान में हैं। आठ निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें शामिल हैं। इनमें चार विधानसभा मुजफ्फरनगर जनपद की बुढाना, चरथावल, खतौली और मुजफ्फरनगर शामिल हैं। वहीं मेरठ जिले की एक विधानसभा क्षेत्र सरधना भी इसमें शामिल है। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या 18 लाख 10 हजार 6 सौ 28 है। इनमें नौ लाख 65 हजार 3 सौ 74 मतदाता पुरूष हैं और आठ लाख 45 हजार 1 सौ 6 मतदाता महिलाएं हैं। लोकसभा क्षेत्र में 1 सौ 48 मतदाता थर्ड जेंडर के भी हैं। भाजपा ने तीसरी बार केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में वह इस सीट से जीत हासिल कर चुके हैं। समाजवादी पार्टी ने पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक को प्रत्याशी घोषित किया है। बहुजन समाज पार्टी ने दारा सिंह प्रजापति को मैदान में उतारा है। इस बार राष्ट्रीय लोकदल भाजपा के साथ आ गया है। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुशील चन्द्र तिवारी।***

**********

लोकसभा चुनाव–दो हजार चौबीस में प्रत्येक उम्मीदवार को परिणाम घोषित होने के तीस दिन के भीतर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा–जोखा जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करना होगा। बिना किसी ठोस कारण के निर्धारित समय सीमा में निर्वाचन व्ययों का लेखा–जोखा दाखिल करने में असफल रहने वाले प्रत्याशी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तीन वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–उन्नीस सौ इक्यावन की धारा–सतहत्तर (एक) के तहत लोकसभा या विधानसभा के प्रत्येक प्रत्याशी के लिए उसके नामांकन की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख तक उसके द्वारा किए गए सभी व्ययों का लेखा जोखा रखना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन के दौरान प्रत्याशी द्वारा किया गया व्यय लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–उन्नीस सौ इक्यावन की धारा–सतहत्तर (तीन) के तहत निर्धारित राशि से अधिक नहीं होना चाहिए। वर्तमान में प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन व्ययों की अधिकतम सीमा पंचानबे लाख रुपये और प्रत्येक विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिकतम व्यय सीमा चालीस लाख रुपये निर्धारित है।

**********

सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने दोनों पक्षों को कहा है कि वो यथास्थिति बनाये रखें ताकि पूजा अर्चना और नमाज को अंजाम दिया जा सके। कोर्ट ने तहखाने में पूजा के खिलाफ मस्जिद पक्ष की याचिका पर ट्रायल कोर्ट के याचिकाकर्ता शैलेंद्र व्यास को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई के तीसरे सप्ताह में होगी।

**********

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल हाथरस, बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर में प्रबुद्धजन सम्मेलनों को संबोधित किया। हाथरस में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि प्रबुद्धजन समाज को नेतृत्व देते हैं, इसलिये आपकी भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। आपने बदलते हुए नये भारत का दर्शन किया है। दो हजार चौदह के बाद एक भारत–श्रेष्ठ भारत की झलक भी देखी है, आज विकास हमारी पहचान है।

बुलंदशहर में श्री योगी ने कहा कि पिछली सरकारों और बीजेपी सरकार में काफी अंतर है, जिसे सभी ने देखा है। यूपी का मतलब अनलिमिटेड पोटेंशियल है। इस असीम संभावनाओं वाले प्रदेश ने आज अपनी अलग पहचान बनाई है।

गौतम बुद्ध नगर में श्री योगी ने कहा कि पिछले दस वर्षो में लोगों ने एक बदलता हुआ भारत देखा है, जो विश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि दो हजार सत्रह से पहले के मुख्यमंत्री गौतमबुद्ध नगर को अभिशापित मानते थे, लेकिन आज विकास यहां की पहचान है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने भी कल विभिन्न स्थानों पर सभायें कीं और अपने प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगा।

**********

तेल विपणन कंपनियों ने देश भर में उन्नीस किलोग्राम वाले कामर्शियल एलपीजी सिलेण्डर के दाम कम कर दिए हैं। इनमें अलग–अलग शहरों में तीस से बत्तीस रूपये तक की कटौती की गई है।

**********

तीर्थनगरी मथुरा की प्रसिद्ध सांझी क्राफ्ट को भारत सरकार द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि ग्लोबल मार्केट में अब ब्रज की इस कला को अलग पहचान मिलेगी। कामगारों को इसका लाभ मिलेगा। ब्रज के लिए यह गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि यह कला राधा–कृष्ण के प्रेम और लीलाओं की प्रतीक है। जिस तरह से ब्रज की होली प्रसिद्ध है, उसी तरह सांझी भी ब्रज की एक प्राचीनतम कलाओं में अपना स्थान बना चुकी है।

**********

वाराणसी के श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का नया रिकॉर्ड बन गया है। श्रद्धालुओं की बढ़ी संख्या को लेकर हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट–

***वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या दिनों दिन बढ़ती चली जा रही है। यही कारण है कि बीते 31 मार्च को पर्व के अलावा अन्य दिवस में अब तक की सार्वकालिक सर्वाधिक श्रद्धालु संख्या छः लाख छत्तीस हजार नौ सौ पचहत्तर दर्ज होने के साथ मार्च 2024 का माह श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के आगमन का ऐतिहासिक माह रहा। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा के अनुसार इस माह के सापेक्ष गत वर्ष मार्च 2023 में धाम आने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या सैंतीस लाख ग्यारह हजार साठ थी। यदि पर्व मास की संख्या देखें तो श्रावण मास में अगस्त 2023 माह में धाम पधारने वाले श्रद्धालुओं की सार्वकालिक अधिकतम संख्या पंचानबे लाख बासठ हजार दो सौ छः थी। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।***

**********

गर्मी को देखते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी का समय कल से बदल दिया गया है। पीटीआर के उप निदेशक मनीष सिंह ने बताया कि एक अप्रैल दो हजार चौबीस से सुबह की सफारी का समय छः बजे से साढ़े नौ बजे एवं दूसरे शिफ्ट की सफारीका समय अपराह्न तीन बजे से शाम के साढ़े छः बजे तक का समय निश्चित किया गया है।

**********